2017

HINDI

(Major)

Paper : 5.5

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किनके निबंधों को 'बातों का संग्रह' कहा है?

(ख) कुबेरनाथ राय द्वारा रचित पाठ्य निबंध का नाम क्या है?

(ग) ऊर्मिला किसकी पत्नी थी?

(घ) प्रताप नारायण मिश्र किस युग के निबंधकार हैं?

(ङ) 'भारत की सांस्कृतिक एकता' का लेखक कौन है?

(च) हरिशंकर परसाई किस प्रकार के निबंधकार हैं?

(छ) "जिस स्थान पर बैठकर लिख रहा हूँ, उसके आस-पास कुछ थोड़े से पेड़ हैं।" इसमें किन पेड़ों की चर्चा की गई है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) सैमुअल जॉनसन के अनुसार निबंध क्या है?

(ख) हल चलाने वालों और भेड़ चराने वालों में क्या-क्या समानताएँ होती हैं?

(ग) क्या आज के साहित्यकार अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं? पठित पाठ के आधार पर जवाब दीजिए।

(घ) बालमुकुन्द गुप्त के निबंधों की दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) निबंध के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के निबंधों की किन्हीं तीन विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) पठित निबंध के आधार पर रामधारी सिंह 'दिनकर' की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(घ) "तुलसी ने भी ऊर्मिला पर अन्याय किया है।" यहाँ किस अन्याय की बात की गई है?

(ङ) निबंधकार के रूप में राहुल सांकृत्यायन पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

हिमालय भूगोल रहता तो उसे भूलना आसान था, कमरे से नक्शे हटा देने से इस समस्या का समाधान हो जाता और अगर यह इतिहास होता तो भी प्रगतिशील होकर इससे मुक्ति मिल जाती, यह अगर केवल चौकीदार होता तो नींद की गोली से इसके परवल

की पुकार से छुट्टी मिल जाती, पर यह न भूगोल है, न इतिहास है, न भूगोल या इतिहास का प्रहरी, यही-तो बस है, मात्र अस्ति है, न भूत, न भविष्यत्।

अथवा

सारी दुनिया में हल्ला हो गया कि वसंत आ रहा है, और मेरे पास आया बुखार। अपने कांचनार की ओर देखता हूँ और सोचता हूँ, मेरी वजह से तो यह नहीं रुका है।

5. हिन्दी निबंध के विकास-यात्रा में आचार्य रामचंद्र शुक्ल के योगदान को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

निबंध की परिभाषा देते हुए उसके तत्त्वों पर सम्यक् विवेचन कीजिए।

6. 'भारत की सांस्कृतिक एकता' **अथवा** 'एक कुत्ता और एक मैना' शीर्षक निबंध के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए। 10

★★★